जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 57 | अंक-24 | जयपुर, सोमवार, 28 जून, 2021 | वार्षिक शुल्क 150 रुपये (एक प्रति 3 रु.) | पृष्ठ संख्या 4






## कविता
# खास हो तुम



योगिता शर्मा
जयपुर

जब कोई बेझिझक होकर
तुमसे अपने मन की बात करें
तो समझ लेना
कि खास हो तुम
जब कोई निडर होकर
तुम्हारे कंधों पर सर रख कर
फफक फफक कर रोए
तो समझ लेना
कि खास हो तुम
जब कोई अपना सा बनकर
तुम्हारे सीने से लग जाए
तो समझ लेना
कि खास हो तुम
जब कोई तुम्हारी गलती पर
तुमसे कोई सवाल ना करे
तो समझ लेना
कि खास हो तुम
जब कोई तुम्हे छुप छुप कर
देखा करता है
तो समझ लेना
कि खास हो तुम
जब कोई बेफिक्र होकर
तुम्हारी गोद मे सर रख कर
सुकून पाए
तो समझ लेना
कि खास हो तुम।

# बराला हॉस्पिटल में हुआ रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन

चौमूं (हमारा वतन) शहर के जयपुर रोड राधास्वामी बाग स्थित बराला हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर में आज दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री स्व.डॉ.साहिब सिंह वर्मा की पुण्यतिथि पर 30 जून को आयोजित होने वाले 9 वें रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन बराला हॉस्पिटल के निदेशक डॉ.श्रवण बराला, डॉ.हनुमान बराला, बराला नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं बराला हॉस्पिटल के समस्त कर्मचारियों के द्वारा किया गया ।

इस दौरान डॉ.श्रवण बराला ने बताया कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री स्व.डॉ.साहिब सिंह वर्मा की पुण्यतिथि पर हर वर्ष विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता रहा हैं । हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 30 जून को 9 वें विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है । इस वैश्विक महामारी कोरोना में रक्त की कमी को देखते हुए युवाओं ने रक्तदान करने में काफी योगदान दिया है जो काफी सराहनीय है ।




डॉ.हनुमान बराला ने बताया कि ब्लड डोनेशन से हार्ट अटैक की आशंका कम हो जाती है। डॉक्टर्स का मानना है कि ब्लड डोनेशन से खून पतला होता है, जो कि हृदय के लिए अच्छा होता है। साथ ही डॉ.बराला ने सभी युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने का आह्वान किया ।

इस मोके पर नर्सिंग कॉलेज के प्रिंसिपल अर्जुन यादव, वाईस प्रिंसिपल जितेन्द्र कुमार, सी.ई.ओ. उदय धनराज, नर्सिंग सुप्रिडेंट शंकर यादव, मार्केटिंग हैड राजू लील, क्वालिटी मैनेजर दीपक कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्तिथ रहे ।

## विराज फाउंडेशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर के पोस्टर का हुआ विमोचन



चौमूं (हमारा वतन) विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में 1 जुलाई 2021, गुरुवार को जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल एंड आई केयर सेंटर, जयपुर रोड, चौमूँ पर आयोजित होने वाले रक्तदान एव चिकित्सा शिविर के पोस्टर का विमोचन एवं वृक्षारोपण उपखंड कार्यालय में उपखंड अधिकारी उपेंद्र शर्मा ने किया ।

इस दौरान उपखंड अधिकारी उपेंद्र शर्मा ने कहा कि रक्तदान एक पुण्य का कार्य है । जीवन में व्यक्ति को रक्तदान जरूर करना चाहिए,जिससे किसी की जान बचाई जा सके । यह बहुत ही पुनीत कार्य है ।

इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी, प्रदेशाध्यक्ष (चिकित्सा प्रकोष्ठ) सी एम सैनी, प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, प्रदेश सचिव मोहित शर्मा, जिला संगठन मंत्री पंडित रामस्वरूप शर्मा उपस्थित रहे।

## पंडित रविन्द्राचार्य की प्रेरणा से कालाडेरा थाने में बनेगा हनुमान मंदिर



चौमूं (हमारा वतन) गंगा दशमी के शुभ अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य की प्रेरणा से कालाडेरा थाने में हनुमान जी महाराज के मंदिर के शिलान्यास पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ । शिलान्यास कालाडेरा पुलिस थाने के एसएसओ हर्बेन्द्र सिंह, ग्राम कालाडेरा सरपंच अशोक कुमार शर्मा के कर कमलों से संपन्न हुआ । आचार्य बुद्धिप्रकाश ने पूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना संपन्न करवाई । इस दौरान ग्राम कालाडेरा उपसरपंच गोविंद सेन,राष्टीय अध्यक्ष इन्द्र वशिष्ट, वार्ड पंच बंशी चाहर, ग्यारसी लाल बागड़ा, हनुमान खोज, हरसहाय बागड़ा, विकास कुमावत, मनीष शर्मा सहित कालाडेरा पुलिस थाने का स्टाफ भी मौजूद रहा ।

गौरतलब है कि पंडित रविन्द्राचार्य की प्रेरणा से ही चौमूं पुलिस थाने में भी हनुमान मंदिर का निर्माण हो चुका है ।

अगर आप अपने जीवन को बेहतर बनाना चाहते है तो लोगो के मन की नहीं अपने मन की सुनो।

– सम्पादक

## अशोक पाल सिंह नशा न करने की दिला रहे शपथ

उत्तराखंड (हमारा वतन) राजकीय उत्तरण माध्यमिक विद्यालय बिजौली नारसन रुड़की जनपद हरिद्वार उत्तराखंड में अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर नशा मुक्त कार्यक्रम प्रभारी अशोक पाल सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्त दिवस के अवसर पर कोविड-19 के चलते ऑनलाइन शिक्षण कार्यक्रम के तहत छात्र - छात्राओं को नशा मुक्त भारत ,सशक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत नशा न करने कि बात कही ।

अशोक पाल सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि नशा प्रवृति एक समस्या बन चुकी है । नशे से व्यक्ति की प्रतिरोधक क्षमता कम होने लगती है, जिससे आर्थिक, शारीरिक, मानसिक रूप से कई बीमारियां उत्पन्न हो जाती है । जिसके कारण अपराध प्रवृति बढ़ने लगती है । इसका प्रभाव बाल किशोरों पर पड़ता है । अधिकांश बच्चे पढ़ाई छोड़कर मजबूरी में बाल अपराधी बन जाते हैं । इस अवसर पर छात्र एवं छात्राओं को नशा न करने और वातावरण स्वच्छ रखने, पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण की शपथ दिलाई गई। इस दौरान निखिल, सुधीर, सौरभ, आयल, फरदीन, फही,म समंत ,आस मोहम्मद, सादिक, निशा, मेघा, नेहा, विवेक एवं भूपेंद्र सिंह आदि ने भी शपथ ली ।



# सैनी दंपत्ति ने की कोरोनाकाल में सेवा

चौमूं (हमारा वतन) कोरोना महामारी में जब लोग घरों में कैद थे तब राजधानी जयपुर के चौमूं नगर पालिका के वार्ड 12 निवासी सैनी दंपत्ति लगातार लोगों कि सेवा कर रहे थे । पिछले साल जब कोरोना महामारी के कारण लॉकडाउन लगा तो जितेंद्र कुमार सैनी और उनकी पत्नी श्रीमती अनीता सैनी ने मास्क सिलकर वार्ड वासियों, प्रशासन और आम नागरिकों को 5000 से ज्यादा मास्क नि : शुल्क बांटे ।



इस वर्ष जब कोरोना कि दूसरी लहर आई तो जितेंद्र कुमार सैनी ने वार्ड नंबर 12 के निवासियों को किसी भी प्रकार की बीमारी व अन्य सहायता में कोई कसर नहीं छोड़ी । सैनी वार्ड की साफ-सफाई और लोगों को वैक्सीनेशन के बारे में जागरूक करने में लगे रहे क्योंकि यह लोगों में वैक्सीनेशन को लेकर काफी डर था । लेकिन लोगों को समझाने पर वार्ड वासियों ने वैक्सीनेशन करवाना चालू किया और वार्ड के अलावा अन्य वार्डों में भी लोगों की सहायता की । जितेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि समाजसेवा के रूप में हमेशा काम करता रहूंगा । लोगों से अपील कि की भीड़- भाड़ वाली जगह पर ना जाए और जाए तो घर से निकले तब मास्क लगा कर के निकले । गौरतलब है कि जितेंद्र कुमार सैनी एक निजी हॉस्पिटल में एक लैब टेक्नीशियन के पद पर 22 सालों से काम कर रहे हैं ।

## गौ सेवा ही सबसे बड़ा धर्म : विजय शर्मा

जालसू (हमारा वतन) कोरोना महामारी में बेजुबानों के खाने का संकट उत्पन्न हो गया था जिसको लेकर कुछ लोग गंभीर हैं । आज पंचायत समिति जालसू में राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के अध्यक्ष विजय शर्मा ने गायों के लिए चारे की पिकअप डलवाई है ।



अध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा कि इस संसार में गौ सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है । हम सभी को मौका मिलने पर गायों कि सेवा अवश्य करनी चाहिए, मन को जरूर सुकून मिलेगा । इस दौरान सेवाभावी रवि बागड़ा, ग्राम पंचायत बरना सरपंच टीना सीताराम यादव, ग्राम पंचायत गुढ़ा सुर्जन सरपंच राजेंद्र, बालू यादव,दीपक यादव, प्रकाश यादव आदि ने मिल कर गौ सेवा का कार्य किया ।

## अनलिमिटेड फ्री एटीएम निकासी की सुविधा दे रहे हैं ये बैंक


नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में सभी बैंकों को नकद और नॉन-कैश एटीएम लेनदेन बढ़ाने की अनुमति दे दी है। हालांकि, शुल्क हर महीने मिलने वाले मुफ्त निकासी सीमा के बाद लगेंगे। बैंक ग्राहकों को 1 जनवरी 2022 से तय लिमिट के बाद एटीएम के जरिए लेनदेन पर 20 रुपये प्रति ट्रांजैक्शन की जगह 21 रुपये देने होंगे। वर्तमान में पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर के अधिकतर बैंक शहरी क्षेत्रों में पांच मुफ्त निकासी की सुविधा देते हैं। इसके अलावा 1 अगस्त 2021 के बाद से बैंक फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन के लिए इंटरचेंज फीस 15 रुपये की जगह 17 रुपये वसूलेंगे।

## जॉब्स

1. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद हेड मास्टर, पद संख्या 83, अंतिम तिथि 13 जुलाई 2021
2. मध्य प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन, पद मेडिकल ऑफिसर, पद संख्या 576, अंतिम तिथि 23 जुलाई 2021
3. इंडियन कोस्ट गार्ड, पद नाविक और यांत्रिक, पद संख्या 350, अंतिम तिथि 16 जुलाई 2021
4. पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, पद डिप्लोमा ट्रेनी इलेक्ट्रिकल और सिविल, पद संख्या 20, अंतिम तिथि 8 जुलाई 2021
5. उत्तर प्रदेश पुलिस,पद एसआई एसआई, पद संख्या 1329, अंतिम तिथि 15 जुलाई 2021
6. इंडियन कोस्ट गार्ड, पद असिस्टेंट कमांडेंट, पद संख्या 50, अंतिम तिथि 14 जुलाई 2021
7. उत्तर प्रदेश नेशनल हेल्थ मिशन, पद कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर सी एच ओ, पद संख्या 2800, अंतिम तिथि 20 जुलाई 2021
8. नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 1500, अंतिम तिथि 9 जुलाई 2021

# प्रियंका चोपड़ा ने फिर दिखाया अपना हॉट लुक, शेयर की अनसीन फोटो

बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपने अपने सुसराल अमेरिका में हैं। हालांकि वह सोशल मीडिया के जरिए फैंस से बराबर जुड़ी हुई हैं। वह समय-समय पर अपने फैंस के लिए अपनी खास तस्वीरें और वीडियो भी साझा करते रहती हैं। इसी बीच उन्होंने अपनी एक खास तस्वीर शेयर की है, जिसकी वजह से चर्चा में हैं। **सिटाडेल की शूटिंग में बिजी हैं**-आपको बता दें कि प्रियंका इन दिनों लंदन में अपने जासूसी थ्रिलर सीरीज सिटाडेल की शूटिंग कर रही हैं। अमजेन प्राइम वीडियो की इस सीरीज में प्रियंका रिचर्ड मैडन संग दिखने वाली हैं। इस शो को रूसो ब्रदर्स प्रड्यूस कर रहे हैं। हालांकि शूटिंग से टाइम निकाल कर वह फैंस से जुड़े रहने के लिए कोई न कोई तरीका निकाल ही लेती हैं। **कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करते दिखीं देसी गर्ल**-अब फोटो की बात करें तो आप देख सकते हैं



कि खुले आसमान के नीचे गार्डन में प्रियंका सनबाथ लेती हुई दिख रही हैं। धूप की वजह से उनका चेहरा थोड़ा धुंधला दिख रहा है लेकिन उनकी कर्वी फिगर देखकर हर कोई फिदा है। इस फोटो को शेयर करते हुए देसी गर्ल ने कैप्शन में लिखती हैं, सूर्य, संगरिया और सास..मूड। फोटो में प्रियंका ह्वाइट स्लीवलेस टॉप और मल्टीकलर शॉर्ट्स में दिख रही हैं। खुले बालों और दिल वाली इयरिंग वह बेहद हसीन लग रही हैं।

# 'द फैमिली मैन 2' में राजी समांथा अक्किनेनी और साजिद के बीच थे इंटिमेट सीन्स, बाद में हुए डिलीट



द फैमिली मैन वेब सीरीज को दर्शकों को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। वेबसीरीज के हर एक किरदार की तारीफ हो रही है। खासतौर पर राजी के रोल में समांथा अक्किनेनी का परफॉर्मेंस काफी इंटेंस रहा। द फैमिली मैन 2 में नेगेटिव रोल करने वाले शहाब अली ने खुलासा किया है कि उनके और समांथा के बीच कुछ इंटिमेट सीन्स थे जिन्हें बाद में एडिट कर दिया गया। बता दें कि वेब सीरीज में ये दोनों ही किरदार इमोशनलेस दिखाए गए हैं। द फैमिली मैन वेब सीरीज में समांथा अक्किनेनी और मनोज बाजपेयी के परफॉर्मेंस की हर कोई तारीफ कर रहा है। सीरीज में ये हिंट मिली है कि राजी (समांथा अक्किनेनी) साजिद (शहाब अली) को पसंद करती थी। हालांकि सीधे तौर पर कुछ नहीं दिखाया गया। अब शहाब अली ने बॉलीवुड हंगामा को दिए इंटरव्यू में इस बात को कन्फर्म किया है। उन्होंने बताया, सिर्फ इंटीमेट सीन्स ही नहीं एडिट किए गए बल्कि ये तो एक प्रॉसेस होता है। शो लंबा है तो बाद में एडिटिंग होती ही है। ऐसा नहीं है कि कोई खास सीन एडिट कर दिया गया। वेब सीरीज में समांथा और शहाब दोनों ने एस्क्ट्रीमिस्ट (उग्रवादी) का रोल निभाया है।

# कृति सेनन!

## हॉलीवुड फिल्म Kill Bill हिंदी रीमेक में दिखेंगी रिपोर्ट

एक्ट्रेस कृति सेनन के पास इन दिनों कई सारी फिल्में हैं, जिसमें वह अलग-अलग अवतार में दिखने वाली हैं। हालांकि मीडिया रिपोर्ट की मानें तो उनकी झोली में एक फिल्म गिरने वाली है, जिसे अनुराग कश्यप डायरेक्ट करेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, हॉलीवुड की मशहूर एक्शन थ्रिलर फिल्म किल बिल के हिंदी रीमेक के लिए अनुराग कृति को लेकर इस फिल्म पर काम करने वाले हैं।



**हिंदी रीमेक के राइट्स खरीद लिए गये हैं**-पिंकविला के मुताबिक, निखिल द्विवेदी फिल्म के निर्माता हैं, वहीं, अनुराग पर फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी है और इस फिल्म को करने के लिए निखिल द्विवेदी ने काफी समय पहले हिंदी रीमेक के राइट्स खरीद लिए थे। दोनों लॉकडाउन के दौरान फिल्म की कहानी पर काम कर रहे थे और अब उन्होंने फाइनल ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। फिल्म में लीड हीरोइन की भूमिका के लिए कृति सेनन से संपर्क किया गया है। कृति ने इसके लिए हां कर दी है। वह जल्द ही फिल्म साइन करेंगी। बता दें कि मशहूर निर्देशक क्वेंटिन टैरेंटिनो की फिल्म सीरीज किल बिल 2003 में आई थी। इसमें उमा थुर्मन ने एक घातक महिला फाइटर का किरदार निभाया है।

# खांसी कोई भी हो,उससे राहत दिलाने में मदद करेंगी ये आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां

मौसम में बदलाव आमतौर पर आपके गले को सबसे पहले प्रभावित करता है। यह इस बात का भी संकेत है कि आपकी इम्युनिटी पर्याप्त मजबूत नहीं है। चल रही कोविड -19 महामारी के बीच यह निश्चित रूप से अच्छी खबर नहीं है। इसलिए, हम चाहते हैं कि आप इन छोटी-छोटी बातों को गंभीरता से लें। सच कहा जाए, तो आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से ज्यादा प्रभावी कुछ नहीं है, जो आपके गले और नाक के क्षेत्र को शांत कर सकती है। मौजूदा स्थिति में यह सुनिश्चित करना और भी जरूरी है कि हमारा श्वसन तंत्र ठीक से काम कर रहा है। अब तक हम में से ज्यादातर लोग जानते हैं कि खांसी दो तरह की हो सकती है- सूखी खांसी और बलगम वाली खांसी। दोनों हमारे दैनिक जीवन को प्रभावित कर सकती हैं।सूखी खांसी पर्यावरण प्रदूषण और एलर्जी जैसे विभिन्न कारकों के कारण हो सकती है, लेकिन बलगम वाली खांसी बैक्टीरिया या वायरल संक्रमण के कारण हो सकती है।इसका उपाय है मजबूत इम्युनिटी और इसके लिए आयुर्वेद से बेहतर क्या हो सकता है।आयुर्वेदिक शोधकर्ता डॉ श्रुति हेगड़े कहती हैं, जड़ी-बूटियों में इम्यूनोमॉड्यूलेटरी गुण होते हैं, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने और रोगों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करती हैं।

यहां उन जड़ी-बूटियों की सूची दी गई है, जो मौसमी खांसी और सर्दी से निपटने में आपकी मदद करेंगी



1. **तुलसी**-परंपरागत रूप से कई दवाओं में उपयोग की जाने वाली तुलसी, सूखी खांसी से राहत दिलाने में बहुत अच्छी है। इसका उपयोग प्रतिरक्षा में सुधार के लिए भी किया जाता है क्योंकि इसमें इम्यूनोमॉड्यूलेटरी और एनाल्जेसिक गुण होते हैं। इसके खांसी से राहत देने वाले गुण बलगम को बाहर निकालने में आपकी मदद करके वायुमार्ग को साफ करने में मदद करते हैं।

2. **शहद**-इस प्राकृतिक स्वीटनर में जीवाणुरोधी गुण होते हैं। यह गले को कोट करता है और जलन को कम करता है। इस घटक के कई लाभ हैं और यह व्यापक रूप से उपलब्ध हैं, जिससे इसे एक्सेस करना आसान हो जाता है।

3. **वसाका**-वासाका एक शक्तिशाली जड़ी-बूटी है जिसका उपयोग सभी प्रकार की खांसी जैसे काली खांसी, धूम्रपान करने वालों की खांसी और सूखी खांसी को शांत करने के लिए किया जाता है। एंटी-इंफ्लेमेटरी और एक्सपेक्टोरेंट गुणों से भरपूर, खांसी और सर्दी के लक्षणों के इलाज में इस जड़ी बूटी का बहुत महत्व है। यह छाती और नाक के बलगम से भी राहत दिलाती है।

4. **यष्टिमधु**-खांसी और गले में खराश के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक पुराना उपाय, यष्टिमधु के फायदे बहुत हैं। इसके आयुर्वेदिक फॉर्मूलेशन का उपयोग श्वसन समस्याओं, त्वचा संक्रमण और यकृत विकारों के इलाज के लिए किया जाता है। यह खांसी और ब्रोंकाइटिस जैसी स्थितियों से राहत प्रदान करने के लिए जाना जाता है।

5. **कांताकारी**-यह 'भारतीय नाइटशेड' के रूप में जानी जाने वाली एक महत्वपूर्ण औषधीय जड़ी-बूटी है। इसमें तीखी गंध और कड़वा स्वाद होता है। इसमें कफ निकालने वाले गुण होने के कारण यह खांसी जैसी सांस की समस्याओं के प्रबंधन के लिए फायदेमंद है। यह श्वसन मार्ग से बलगम को मुक्त करने में मदद करता है।









## ISSF World Cup

# भारतीय महिला टीम ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जीता कांस्य पदक

नई दिल्ली। मनु भाकर, यशस्विनी सिंह देसवाल और राही सरनोबत की भारतीय तिकड़ी ने आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में 10 मीटर एयर पिस्टल महिला टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय महिला एयर पिस्टल टीम ने वेरोनिका मेजर, मिरियम जाको और सारा राहेल फैबियन को कांस्य पदक के मुकाबले में 16-12 से शिकस्त दी। तीनों भारतीयों ने 573 के स्कोर से तीसरे स्थान से फाइनल के लिये क्वालीफाई किया था। इससे पहले ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, दीपक कुमार और दिव्यांश सिंह पंवार की भारतीय पुरूष टीम को 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा के कांस्य पदक के मैच में हार का सामना करना पड़ा, महिला निशानेबाज क्वालीफाइंग दौर से आगे नहीं बढ़ सकीं। भारतीय पुरुष टीम को तीसरे स्थान के मैच में सर्बिया की टीम से 14-16 से हार मिली जिसमें मिलेंको सेबिच, मिलुटिन स्टेफानोविच और लजर कोवासेविच शामिल थे। अंजुम मौदगिल, अपूर्वी चंदेला और इलावेनिल वलारिवान की महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जो क्वालीफिकेशन दौर में कुल 1867.7 अंक से 11वें स्थान पर रहीं। ये तीनों निशानेबाज गुरूवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में भी पहुंचने में असफल रही थीं।भारत की शुरुआत वर्ल्ड कप में इतनी अच्छी नहीं रही जिसमें कई निशानेबाज अपनी स्पर्धाओं के फाइनल में जगह नहीं बना सके। 19 साल के इस निशानेबाज ने पुरूषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया। टोक्यो ओलंपिक से पहले यह भारतीय टीम का अंतिम प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट है।

# इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से पहले टीम इंडिया खेलेगी दो इंट्रा स्क्वैड मैच, ईसीबी का फर्स्ट क्लास मैच कराने से इनकार

नई दिल्ली। टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले डरहम में रिवरसाइड मैदान पर दो इंट्रा स्क्वैड मैच खेलेगी। विराट कोहली के खिलाड़ियों को काउंटी टीमों के खिलाफ कोई भी फर्स्ट क्लास प्रैक्टिस मैच मिलने की संभावना नहीं है। इसी वजह से टीम इंडिया आपस में इंट्रा स्क्वैड मैच खेलेगी। भारतीय कप्तान विराट कोहली चार अगस्त से नाटिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली सीरीज से पहले कोई भी फर्स्ट क्लास मैच नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त कर चुके हैं।इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के प्रवक्ता ने शुक्रवार को पीटीआई से कहा, कोविड-19 प्रोटोकॉल के अनुसार वे अगस्त में पहले टेस्ट से पहले अपने खिलाड़ियों की दो टीमें बनाकर चार दिवसीय दो मैच खेलेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने ईसीबी से कुछ प्रैक्टिस मैच कराने की गुजारिश की थी लेकिन कोविड-19 हालात के कारण इस तरह की योजना को पूरा करना मुश्किल होगा। यह पूछने पर कि काउंटी टीमों के खिलाफ कोई मैच आयोजित करने की संभावना है तो प्रवक्ता ने कहा, नहीं।

# भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु टोक्यो ओलंपिक में बन सकती हैं भारत की ध्वजवाहक



नई दिल्ली। भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी और रियो ओलंपिक में सिल्वर मेडल जीतने वाली पीवी सिंधु टोक्यो ओलंपिक के लिए भारतीय दल के दो ध्वजवाहकों में से एक की दौड़ में सबसे आगे हैं। इस बार भारत 23 जुलाई से शुरू हो रहे टोक्यो ओलंपिक उद्घाटन समारोह के लिए एक पुरुष और एक महिला खिलाड़ी को ध्वजवाहक बनाया जाएगा। इसकी आधिकारिक घोषणा इस महीने के अंत में होगी लेकिन यह लगभग सुनिश्चित लग रहा है कि सिंधु ध्वजवाहक होंगी। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एक सूत्र ने पीटीआई से कहा, सिंधु के ध्वजवाहक बनने की उम्मीद है। हालांकि ऐसा कोई नियम नहीं है लेकिन ऐसी प्रथा रही है कि पिछले चरण के पदक विजेता को हमेशा अगले चरण का ध्वजवाहक बनाया गया है। पिछले चरण में दो पदक विजेता थीं जिसमें से एक पहलवान साक्षी मलिक इस चरण के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी हैं।

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पे भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# कौशल का खेल है फैटैसीं स्पोर्ट्स

भारत के युवाओं में खासकर खेल प्रेमियों में पिछले डेढ़ दशक में काफी परिवर्तन देखने को मिला है। क्रिकेट के पीछे भागने वाले भारतीय युवाओं के हाथ में अब सिर्फ बैट एवं गेंद ही नहीं, बल्कि बास्केटबॉल, फुटबॉल और हॉकी भी दिख रही है। यही नहीं एक समय तक ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित रहने वाली कबड्डी भी अब शहरों में बने उच्च गुणवत्ता के मैदानों में खेली जा रही है। यह बदलाव इस बात का सूचक है कि भारत अब मल्टी-स्पोर्ट देश बनने की तरफ अग्रसर हो चुका है।समय के साथ हो रहे इस सुखद परिवर्तन को जब हम देख रहे है, तो मस्तिष्क में एक प्रश्न भी कौंधता है कि भारत में हुए इस बदलाव का कारण क्या हैं? सामान्य तौर पर इंटरनेट और मोबाइल को हम इसकी वजह मान सकते हैं, लेकिन जब हम अपने अध्ययन को विस्तार देते हैं, तो इसमें बड़ा योगदान फैंटेसी स्पोर्ट्स का भी मिलता है। फैंटेसी स्पोर्ट्स ने भारतीय युवाओं की अन्य खेलों में रुचि जगाई है एवं भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में भी सहयोग किया है। कम कीमत पर मोबाइल और डेटा का मिलना एवं अच्छी इंटरनेट की कनेक्टिविटी के कारण फैंटेसी स्पोर्ट्स पिछले कुछ वर्षों में तेजी से विकास कर रहा है। सही मायने में कहा जाए तो फैंटेसी स्पोर्ट्स विशेषज्ञता का खेल है, जिसमें आपका हुनर आपकी जीत तय करता है। इसमें म्यूचुअल फंड में निवेश करने से ज्यादा कौशल की आवश्यकता होती है। यह बात एमआईटी (मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) और कोलंबिया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा 'इज़ इट लक और स्किल' शीर्षक से प्रकाशित रिसर्च से साबित होती है।



राम गोपाल सैनी

# 80 फीसदी खिलौने होते हैं आयात, अपने लोकल खिलौनों के लिए होंगे वोकलः पीएम मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को टॉयकेथॉन-2021 के प्रतिभागियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बातचीत की। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 5-6 वर्षों में देश के युवा हैकथॉन के मंच के माध्यम से देश की प्रमुख चुनौतियों से जुड़े हैं। इसके पीछे सोच देश की क्षमताओं को संगठित करना और उन्हें एक माध्यम देना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा साहसे खलु श्री वसति। यानि साहस में ही श्री रहती है, समृद्धि रहती है। इस चुनौतिपूर्ण समय में देश के पहले टॉय-केथॉन का आयोजन इसी भावना को मजबूत करता है। इस टॉय-केथॉन में हमारे बाल मित्रों से लेकर, युवा साथियों, टीचर्स, स्टार्ट अप्स और उद्यमियों ने भी बहुत उत्साह से हिस्सा लिया है। पहली बार ही डेढ़ हजार से ज्यादा टीमों का ग्रैंड फिनाले में शामिल होना, ये अपने आप में उज्जवल भविष्य के संकेत देता है। ये टॉय और गेम्स के मामले में आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी मजबूती देता है। इसमें कुछ साथियों के बहुत अच्छे आइडियाज भी उभर कर के आगे आए हैं। अभी कुछ साथियों के साथ मुझे बातचीत करने का अवसर भी मिला। मैं इसके लिए फिर से एक बार बधाई देता हूँ। पीएम मोदी ने कहा, आज हम अपनी आवश्यकता के भी लगभग 80 प्रतिशत खिलौने विदेशों से आयात करते हैं। यानि इन पर देश का करोड़ों रुपए बाहर जा रहा है। इस स्थिति को बदलना बहुत जरूरी है। और ये सिर्फ आंकड़ों की ही बात नहीं है, बल्कि ये सेक्टर देश के उस वर्ग तक, उस हिस्से तक विकास पहुंचाने में सामर्थ्य रखता है, जहां इसकी अभी सबसे ज्यादा जरूरत है। खेल से जुड़ा जो हमारा कुटीर उद्योग है, जो हमारी कला है, जो हमारे कारीगर हैं, वो गांव, गरीब, दलित, आदिवासी समाज में बड़ी संख्या में हैं। हमारे ये साथी बहुत सीमित संसाधनों में हमारी परंपरा, हमारी संस्कृति को अपनी बेहतरीन कला से निखारकर अपने खिलौनों में ढालते रहे हैं।

# 1 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की



जयपुर (हमारा वतन) गोविंदगढ़ पंचायत समिति के ग्राम पंचायत देवथला को मॉडल व हरा भरा ग्राम बनाने के प्रयासों के चलते सोमवार को गोविंदगढ़ पुलिस उप अधीक्षक संदीप सारस्वत, गोविंदगढ़ विकास अधिकारी अनिल सोनी, खेजरोली नायब तहसीलदार भैरू राम कुमावत की मौजूदगी में पंचायत भवन, राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उच्च माध्यमिक विद्यालय व पटवार भवन में 101 पौधे लगाकर 1 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की गई। इसके साथ ही पंचायत क्षेत्र में 75 दिनों में 100000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

सरपंच के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित जिला परिषद सदस्य हनुमान सहाय दुसाद ने बताया कि गोविंदगढ़ पंचायत समिति के देवथला ग्राम को मॉडल व हरा भरा बनाने का लक्ष्य रखा गया है । जिसमें सरपंच कोयली देवी दुसाद के नेतृत्व में ग्राम के सार्वजनिक स्थानों, सरकारी भवनों व चारागाह भूमि ने 75 दिनों में 100000 पौधों का पौधा रोपण किया जाएगा । इस दौरान डिप्टी संदीप सारस्वत ने कहा कि सरपंच व जिला परिषद सदस्य हनुमान सहाय दुसाद द्वारा की गई पहल क्षेत्र में सराहनीय है। उन्होने कहा की चोमू उपखंड में ग्रामों को हरा-भरा रखें व इस कार्य में पुलिस व प्रशासन भी सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेगा ।

इस दौरान उपसरपंच सांवरमल वर्मा, कनिष्ठ सहायक चंपा देवी, एएओ गिरधारी लाल यादव, प्रधानाचार्य विष्णु दत्त शर्मा, चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी डॉ नीरज शर्मा, पटवारी अक्षयदीप, पंचायत सहायक मनोहर मीणा, रविशंकर शर्मा वार्ड पंच विकास मीणा विकास बुनकर व जीतू कुमावत आदि लोग उपस्थित रहे।

# कोरोना योद्धाओ का सम्मान कर किया वृक्षारोपण

जयपुर (हमारा वतन) ग्राम पंचायत जाहोता के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में बराला हॉस्पिटल के डॉ. हनुमान बराला व स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपिका बराला के द्वारा कोरोना योद्धाओं का सम्मान समारोह एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया । कार्यक्रम में चिकित्साकर्मियों सहित सैकड़ों आशा सहयोगिनियों एवं समस्त कोरोना योद्धाओं को शाल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । इस मोके पर सभी गणमान्य लोगों की उपस्तिथि में वृक्षारोपण भी किया गया । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ. दीपिका बराला ने कोरोना से जुडी सावधानियों को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुचाने पर जोर दिया एवं सभी को अपने - अपने स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया । समारोह में डॉ.के.सी.चौपड़ा, सरपंच श्याम प्रताप सिंह राठोड़, उपसरपंच मंगलचंद बागड़ा, पूर्व सरपंच अनिल मेहता, प्रिंसिपल भोजराज शर्मा, जयरामपुरा सरपंच जगदीश निठारवाल, जैतपुरा सरपंच डॉ.सुरेश गुलिया, कृष्णा स्कूल निदेशक श्रवण बराला, पूर्व प.सदस्य रामपाल घोसल्या, अम्बेडकर मंच के राजेंद्र प्रसाद मोहनपुरिया, रामेश्वर प्रसाद चौपड़ा, बोदुराम पलसानिया, जगदीश प्रसाद शर्मा, राजेंद्र कुमार शर्मा, रामचन्द्र घासिका, रतिराम यादव,सूरज चौधरी, उत्तम गोठवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।





# पूर्व विधायक सैनी ने चौपाल लगा कर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

चौमूं (हमारा वतन) पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने गांव आष्टीकला, नांगल गोविंद, रणजीतपुरा, बगड़ी, गुडलिया, सिरसिया, छोटा गुढ़ा का दौरा किया। पूर्व विधायक सैनी ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी ।

जिस पर पूर्व विधायक ने तत्काल अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करवाया। ग्रामीणों ने मांग की ग्राम किशनपुरा, आष्टीकलां व नांगल गोविंद को बिसलपुर पेयजल योजना से जोडा जावे एवं सिरसिया रेलवे अंडर पास से गांव किशनपुरा तक रेल लाइन के साथ सड़क निर्माण करवाया जाए।

सैनी ने कहा कि इन मांगों को उच्च अधिकारियों को अवगत करवाकर जल्द से जल्द समाधान करवाया जाएगा। जिससे पेयजल समस्या का निवारण हो सके। इस मौके पर सरपंच, सरपंच प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ जन मौजूद रहे।

## कोरोना के इलाज में खर्च हुई रकम पर कोई टैक्स नहीं

नई दिल्ली। वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने पैन-आधार लिंक करने की समय सीमा बढ़ाने के साथ ही एक और बड़ा ऐलान किया है। कोरोना के खिलाफ लड़ाई को और मजबूती प्रदान करने के लिए ठाकुर ने टैक्स में छूट देने की बात कही है। ठाकुर ने कहा कि छूट उन लोगों को मिलेगी, जिन्होंने कोरोना के इलाज में पैसे खर्च किए हैं। वहीं मौत के बाद मिले मुआवजे पर भी कोई टैक्स नहीं लगेगा।कोविड के इलाज के लिए कंपनी या किसी दूसरे व्यक्ति से ली गई रकम पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। यह छूट कारोबारी साल 2019-20 और 2021-22 के लिए है।

## डॉ चन्द्रकला गोठवाल ने जानी महिलाओं की समस्याएं




जयपुर (हमारा वतन) चन्द्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कलाकार कोलोनी में बैठक का आयोजन किया गया ।संस्थापक डॉ चन्द्रकला गोठवाल ने महिलाओं की समस्याओं पर चर्चा की । चन्द्रकला गोठवाल ने महिलाओं से कहा कि आपको आत्मनिर्भर बनना है। किसी के आगे हाथ नहीं फेलाना है। आप किसी पर डिपेंड नहीं रहें । इसके लिए स्वयं सहायता समूह खुलवाने में चन्द्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट खाता खुलवाने व काम करने में आपकी सहायता करेगा। सभी महिलाओं से वैक्सीन लगवाने ,मास्क लगवाने की अपील की । संस्था द्वारा जरूरतमंद बच्चों को चाकलेट, नमकीन के पैकेट का वितरण किया गया । इस दौरान कमलेश नागरवाल , लक्ष्मी, रघुनाथ शर्मा आदि मोजूद रहे ।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।

**Email-**
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा